वर्ष-01, अंक-148

छपरा

शनिवार 30 मार्च 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# कांग्रेस की 9वीं लिस्ट, 5 कैंडिडेट्स के नाम

## राजस्थान के 2 उम्मीदवार बदले, कर्नाटक के 3 कैंडिडेट घोषित; अब तक 212 प्रत्याशी घोषित

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** कांग्रेस ने शुक्रवार (29 मार्च) को 5 कैंडिडेट्स घोषित किए। यह पार्टी की 9वीं लिस्ट है। इसमें राजस्थान के 2 कैंडिडेट के नाम बदले गए और कर्नाटक से 3 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया है। राजस्थान के राजसमंद से अब डॉ. दामोदर गुर्जर और भीलवाड़ा से डॉ. सीपी जोशी को उतारा गया है। वहीं, कर्नाटक के बेल्लारी से ई तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया है। कांग्रेस अब तक देशभर में 212 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है।

**सीपी जोशी तैयार नहीं थे, वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर चुनाव लड़ने को तैयार हुए** :दरअसल, सीपी जोशी पहले चुनाव लड़ने को तैयार नहीं थे। सुदर्शन सिंह रावत के टिकट वापस करने और एक भी ब्राह्मण चेहरे को टिकट नहीं देने से गलत मैसेज जाता देख कांग्रेस ने रणनीति बदली। सीपी जोशी का नाम तो सबने सुझा दिया, लेकिन उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मनाना भी जरूरी था। इसके लिए पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। इसमें दिल्ली से भी कुछ वरिष्ठ नेताओं ने सीपी जोशी को मनाने का प्रयास किया। इसके बाद सीपी जोशी को टिकट देने का प्रस्ताव हाईकमान को भेजा गया।



### राजस्थान में कांग्रेस तीन सीटों पर प्रत्याशी बदल चुकी

कांग्रेस में अब तक तीन सीटों पर उम्मीदवार बदले जा चुके हैं। जयपुर, भीलवाड़ा और राजसमंद सीटों पर उम्मीदवार बदले हैं। आरएसएस समर्थक संस्था जयपुर डायलॉग्स से कनेक्शन विवाद में जयपुर से उम्मीदवाार बनाए गए सुनील शर्मा ने टिकट लौटा दिया था, जिसके बाद प्रताप सिंह खाचरियावास को उम्मीदवार बनाया गया था। अब भीलवाड़ा से दामोदर गुर्जर की जगह सीपी जोशी को टिकट दिया है। राजसमंद से उम्मीदवार सुदर्शन रावत ने ?एक दिन पहले टिकट सरेंडर कर दिया था। उनकी जगह दामोदर गुर्जर को राजसमंद से टिकट दिया है।

# पूर्णिया से ही लड़ेंगे पप्पू यादव...

## 4 अप्रैल को करेंगे नॉमिनेशनब्बोले- राहुल को प्रधानमंत्री बनाना लक्ष्य; तेजस्वी का जवाब-पार्टियों से गठबंधन है, व्यक्ति विशेष से नहीं

**पूर्णिया,एजेन्सी।** बिहार में महागठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। महागठबंधन ने पप्पू यादव का पत्ता काट दिया है। पूर्णिया की सीट राजद के खाते में जाने से खफा पप्पू यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूर्णिया से फ्रेंडली फाइट करेंगे। इधर, दिल्ली से पटना पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा पार्टियों से गठबंधन है, व्यक्ति विशेष से नहीं। पप्पू यादव ने कहा कि उनका सपना बिहार के सभी 40 सीट पर कांग्रेस का झंडा बुलंद करना है और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनते देखना है। 4 अप्रैल को पप्पू पूर्णिया से कांग्रेस के सिंबल पर नामांकन करेंगे। पूर्णिया सीट को लेकर महागठबंधन में चल रही खींचतान पर जेडीयू ने तंज कसा है। पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा गया- बिहार में इंडी गठबंधन का कैंपेन थीम.. %पप्पू% को पास कराएंगे पप्पू..%पप्पू% को पीएम बनाएंगे पप्पू पप्पू यादव को पूर्णिया से ही लड़ाने की मांग को लेकर उनके समर्थक नारेबाजी करने लगे। कुछ समर्थक उनकी गाड़ी के सामने लेट गए और नारे लगाए। समर्थक, पूर्णिया का सांसद कैसा हो पप्पू यादव जैसा हो और साथ दिया है...साथ दो के नारे लगा रहे हैं। महागठबंधन से पप्पू का टिकट काटे जाने से समर्थक नाराज हैं।



सीमांचल कोसी जीतकर, देश में कांग्रेस सरकार बनाएंगे। पूर्णिया में कांग्रेस का झंडा लहराएंगे, राहुल गांधी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

**पप्पू यादव**, कांग्रेस नेता

### कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में रहेगा-पप्पू यादव

पप्पू यादव ने कहा कि मेरा संकल्प जनता की भावनाओं के साथ खड़े रहना। राहुल गांधी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाना। दूसरा संकल्प है सीमांचल की जनता अपने कांग्रेस के झंडा से प्यार करती है और सीमांचल में कांग्रेस के झंडा को स्थापित करना मेरा पहला कर्तव्य है। हर परिस्थिति में पूर्णिया में कांग्रेस की जीत होगी। कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में रहेगा। मेरे जीवन के मरने-जीने का एक ही संकल्प है कि कांग्रेस के नेतृत्व में बिहार के 40 सीट खड़ा करना। इसलिए कांग्रेस के झंडा से ना मुझे कोई अलग कर सकता है और ना ही मैं अलग होऊंगा।

# बिहार बोर्ड ने जारी किया सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट

## 93.39 फीसदी शिक्षक हुए पास, मिलेगा राज्यकर्मी का दर्जा

**पटना,एजेन्सी।** बिहार बोर्ड ने कक्षा 1 से 5 तक के लिए सक्षमता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। करीब 93.39त्न शिक्षक सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। जानकारी के मुताबिक 6.61 फीसदी शिक्षक जो उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, उसका प्रमुख कारण कंप्यूटर के इस्तेमाल में हुई असुविधा है। ऑफलाइन परीक्षा होने पर सभी शिक्षक शत-प्रतिशत पास कर दिए जाएंगे।

जारी परीक्षाफल के अनुसार कुल 9,835 शिक्षक सक्षमता परीक्षा फेल हो गए हैं। जिन्हें 'विशिष्टशिक्षक' बनने के लिए आगामी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होना होगा। कुल पांच परीक्षाओं में से एक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**कुल 1,48,845 शिक्षकों में से 1,39,010 अभ्यर्थी हुए उत्तीर्ण** : सक्षमता परीक्षा में सम्मिलित कुल 1,48,845 शिक्षकों में से 1,39,010 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।



हिन्दी विषय में 1,29,439 में से 1,22,347 उत्तीर्ण हुए हैं। जिनकी उत्तीर्णता प्रतिशत 94.52त्न है। जबकि उर्दू में 19,317 में से 16,575 और बांग्ला विषय में 89 में से 88 शिक्षक पास हुए हैं। सक्षमता परीक्षा में कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे। इसमें कक्षा 1 से 5 के लिए के लिए भाषा से 30, सामान्य अध्ययन से 40 और सामान्य विषय से 80 प्रश्न पूछे गए थे।

**सफल शिक्षकों की काउंसिलिंग होगी :** शिक्षक अभ्यर्थी अपना रिजल्ट बोर्ड के वेबसाइट https://www.bsebsakshamta.com पर जाकर रात्रि 12 बजे से देख सकते हैं। बोर्ड की ओर से जारी परिणाम पूरी तरह से औपबंधिक (प्रोविजनल) है। अब शिक्षा विभाग द्वारा सभी सफल शिक्षकों की काउंसिलिंग की जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

## MP-महाराष्ट्र-आंध्र के 5 शहरों में तापमान 40ए पार; 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** देश में 29 मार्च से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम का मिजाज बदलने लगा है। जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार (29 मार्च) को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। इससे दो कारें बर्फ में फंस गई। कार में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया। हालांकि, एवलांच से श्रीनगर-लेह हाईवे बंद हो गया है। भारतीय मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 30 मार्च को भी भारी बारिश और बर्फबारी की आशंका जताई है। 19 राज्यों में बूंदाबांदी की संभावना है। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां आंधी-तूफान के साथ बारिश हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट है। राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और सिक्किम में बादल छाए रहेंगे। इन राज्यों में गरज के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है।




# कांग्रेस को IT का 1700 करोड़ का नोटिस

## राहुल बोले- सरकार बदली तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई होगी, ये मेरी गारंटी

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो 'लोकतंत्र का चीरहरण' करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया ङ्ग पर हैशटैग #BJPTa&Terrorism लिखते हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी। नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है।

# चुनाव आयोग के सी-विजिल ऐप में 79 हजार शिकायतें दर्ज

## आयोग बोला- इनमें 73% होर्डिंग-बैनर से जुड़ीं; 99त्न का निपटारा किया

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से आम चुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग (EC) ने शुक्रवार (29 मार्च) को कहा कि आयोग का सी-विजिल ऐप आचार संहिता उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़ा हथियार बन चुका है। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। उसके बाद से लेकर अब तक सी-विजिल ऐप पर 79 हजार से ज्यादा शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। EC ने कहा कि अब तक मिली शिकायतों में 99% समाधान कर दिया गया है। इनमें से 89% का समाधान 100 मिनट के अंदर किया गया है। चुनाव आयोग ने ये भी बताया कि 58,500 से ज्यादा शिकायतें अवैध होर्डिंग्स और बैनर के खिलाफ हैं। 1400 से ज्यादा शिकायतें पैसे, तोहफे से जुड़ी थीं। लगभग 3त्न शिकायतें (2,454) संपत्ति में गड़बड़ी से जुड़ी हैं। चुनाव आयोग ने यह भी कहा कि 535 शिकायतें धमकियों के बारे में थीं। इनमें से 529 का निपटारा हो चुका है। समय सीमा के बाद स्पीकर बजाने की भी 100 शिकायतें दर्ज कराई गई थीं।

# असम के 4 जिलों में AFSPA 6 महीने बढ़ाया गया



## एक दिन पहले नगालैंड के 8 और अरुणाचल के 3 जिलों में बढ़ाया गया था

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने असम के चार जिलों तिनसुकिया,डिब्रूगढ़, चराईदेव और शिवसागर में AFSPA (सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम) को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक लागू रहेगा।

दो दिन के अंदर AFSPA की समय सीमा बढ़ाने वाला असम तीसरा राज्य है। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों और नगालैंड के 8 जिलों में AFSPA की अवधि 6 महीने के लिए बढ़ाई गई है।

असम पुलिस की और से जारी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन चार जिलों में उग्रवादी संगठन के सक्रिय होने को छोड़कर, राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के गृह एवं राजनीतिक विभाग ने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय को एक प्रस्ताव सौंपा।

इस पर विचार करने के बाद 6 महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए अशांत क्षेत्र के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया गया। इसके बाद राज्य सरकार ने केंद्र के निर्देश पर अधिनियम को 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दिया। अधिनियम को आखिरी बार 1 अक्टूबर 2023 को बढ़ाया गया था, यह समय 31 मार्च को खत्म होने वाला है।

# एसडीपीओ ने लंबित मामले के निष्पादन का दिए कई निर्देश

**नौतन (सिवान)** ऱ्मैरवा एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह ने शुक्रवार को नौतन का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना में हत्या, लूट, एससी-एसटी सहित विभिन्न लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का सुझाव पुलिस पदाधिकारी को दिए। इस दौरान उन्होंने स्थल का जायजा लेते हुए आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। उन्होंने चोरी, हत्या, लूट, शराब तस्करी सहित अन्य सभी लंबित मामलों का भी पर्यवेक्षण किया। मौके पर थानाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी के अलावा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।



# मढ़ौरा में निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी का लोगों ने गर्मजोशी से किया भव्य स्वागत

## उनके खिलाफ कौन चुनाव लड़ता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, कौन चुनाव जीतेगा ये जनता तय करेगी- रूडी





**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सारण से भारतीय जनता पार्टी का पुनः उम्मीदवार बनाए जाने के उपरांत शुक्रवार को निर्वतमान सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी मढ़ौरा पहुंचे। राजीव प्रताप रूडी का धेनुकी चौक पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला से भव्य स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री व निवर्तमान सांसद श्री रूडी का का मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र में कई जगहों पर में अभिनंदन एवं रोड शो आयोजित हुआ। ठोल- नगारे के साथ निर्वतमान सांसद व सारण से भाजपा के घोषित उम्मीदवार श्री रूडी का कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए रूडी जिंदाबाद और जीत के नारे लगाए । छपरा से चार बार सांसद का चुनाव जीत चुके श्री रूडी पत्रकारों के बीच अपनी बात कहते हुए खूद को बीजेपी का उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी और प्रधानमन्त्री समेत शीर्ष नेताओं का आभार जताया। कहा कि उनके खिलाफ उम्मीदवार कौन है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहणी आचार्या की नाम पर पूछे जाने पर कहा कि मैं लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के लोगों के साथ कई चुनावों में लड़ा हूं और पिछले चुनावों में उनके पत्नी व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके समधी को हरा कर चुनाव जीता हूं। पिछले कई वर्षों से कौन यहां से चुनाव लड़ने आ रहा है, इसकी चर्चा होती है और मैं तो यहां लगातर ही रहता हूं और काम करते रहता हूं। यहां कौन काम किया है, यह सभी जानते है। बाकी विपक्ष में केवल चुनाव के समय प्रत्याशी घोषित होते है और वे सामने दिखते है। कौन चुनाव जीतेगा यह सारण की जनता तय करेगी । मढ़ौरा के ओधौगिक पिछड़ेपन के सवाल पर कहा कि पूरा बिहार पिछड़ गया है यह एक बड़ी चुनौती है बिहार की। उनका यह लगातार प्रयास है कि बिहार के साथ-साथ सारण का भी विकास होता रहे। श्री रूडी से डबरा नदी पुल के पास एक युवक ने चीनी मिल का भी सवाल उठाया तो उन्होने बताया कि बिहार सरकार मिल को चालू कराएगी और किसानों के बकाया भुगतान भी राज्य सरकार दे रही है, इसके लिए सूची देखने की बात कहीं। इस क्रम में बीजेपी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी मढ़ौरा डबरा पुल, शिल्हौड़ी मंदिर, मिर्जापुर, इसरौली, दयालपुर, देवबहुआरा, मंझवलियां नगरा, खैरा बाजार, मीरा मुसेहरी होते हुए छपरा के लिए प्रस्थान कर गए। सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे और फूल माला के साथ निर्वतमान सांसद का जोरदार तरीके से स्वागत किया। क्षेत्र में उनके समर्थन में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़को पर निकल स्वागत के साथ समर्थन व्यक्त किया। जैन सैलाब में लोगों को देख श्री रुडी ने लोगों के प्रति आभार जताया और कहा कि सारण की जनता का स्नेह उन्हें हमेशा मिलते रहा हैं।



## भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी का किया भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव का बिगुल बजते ही सभी पार्टियों ने अपने-अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतार दिया है। इसी क्रम में आज सारण लोक सभा क्षेत्र के वर्तमान सांसद सह भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुढ़ी पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने फिर से एक बार विश्वास जताया है। वर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी लगातार दो बार सारण लोकसभा से जीत सुनिश्चित करने के साथ ही चार बार सांसद रहे पांचवी जीत के लिए चुनावी मैदान में अपने भाग्य आजमा रहे सांसद का उमधा गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह और पप्पू भैया ने किया गया। सांसद श्री रुडी ने सदर प्रखंड के उमधा गांव में रोड शो के दौरान वरीय भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने उन्हें अंग वस्त्र और फूल मालाओं से अपने समर्थकों के साथ स्वागत किया। सारण संसदीय क्षेत्र से रूढ़ी को प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा होने पर लोगों के बीच मिठाईयां भी बांटी गई। इस अवसर पर सारण भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में देश जितना आगे बढ़ा है, शायद उसका थोड़ा सा भी कार्य पिछली सरकार में देखने को नहीं मिला। सारण में भी हमने लोगों के लिए गैस पाईप लाईन के तहत हर घर में गैस पहुंचाने का कार्य किया है। वहीं सड़को का जाल बिछा कर लोगों के लिए सुगम बनाया। आज भी मेरे द्वारा लाया गया करोड़ से अधिक राशि की योजना पर कार्य चल रहा है। आप लोगों का प्यार आशीर्वाद रहा तो सारण के विकास में और तेजी आएगी, और नया छपरा आप लोगों के बीच होगा। सांसद ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि ये मेरा आप लोगों से वादा है। इस अवसर पर समाजसेवी सह भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू भैया ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य 400 के पार पर अपना मत देकर मोदी सरकार को वापस लाना है, जिससे देश फिर से पूरे दुनिया में शक्तिशाली देश बन सके। इसके लिए सारण से इस बार फिर से राजीव प्रताप रूढ़ी को भारी मतों जीता कर मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है। इस अवसर पर फकुली पंचायत के मुखिया सुमित सिंह, समाज सेवी राजीव सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील सिंह, कृष्णा सिंह, मधुरेंद्र सिंह, मोतीलाल मांझी, सत्रुधन महतो, राजेंद्र सिंह, मिंटू सिंह, कन्हैया सिंह, मुकेश सिंह, भवानी सिंह, महेंद्र टाकुर सहित बड़ी संख्या में जन समर्थक शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर मांझी में हुई वाहनों की जांच

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। शुक्रवार को माँझी प्रखंड के सलेमपुर ब्रह्म स्थान के समीप मुख्य मार्ग पर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिग के दौरान विभिन्न तरह के कागजात की जांच कर गड़बड़ी पाए जाने पर जुर्माना लगाने का काम किया जा रहा है। इस वजह से वाहन सँचालको की परेशानी बढ़ गई है।वाहन जाँच में माँझी के सीओ सौरभ रंजन ने बताया कि अब लगातार वाहन चेकिग अभियान चलाया जाएगा। जिससे अवांछित तत्वों को पकड़ा जा सकेगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाहन चेकिग अभियान को गति दिया जा रहा है।

## मारपीट की घटनाओं में 10 लोग घायल

**छपरा (सारण)।** एकमा एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में पांच महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों में बंगरा गांव के तेज नारायण यादव, शीतलपुर गांव की दीप्ति देवी, सविता देवी, सुधीर कुमार मिश्र, बनियापुर गांव की विजांति देवी. सुमित कुमार कुशवाहा, पोखरभिंड़ा गांव के प्रदीप कुमार, टेसुआर गांव की प्रभावती देवी, बबली देवी व मनीष राम शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सीएचसी में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। पुलिस इस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## खैरा में अज्ञात चोरों ने किराना दुकान से की चोरी

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के खैरा बाजार स्थित एक किराना दुकान से गुरुवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का दरवाजा का पल्ला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर खैरा थानाध्यक्ष अणिमा राणा दल बल के साथ स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। वहीं दुकानदार नगरा थाना क्षेत्र के अफौर गांव निवासी छोटेलाल पंडित ने बताया की हर दिन की तरह गुरुवार की रात्रि भी अपना दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोलने आया तो देखा की दरवाजा का एक पल्ला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो गल्ला में रखा कुछ 20 रुपये व 100रु का नोट और खुदरा सिक्का व एक काजू का डब्बा, खरीदारी का पुर्जा आदि गायब है। वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया कि पीड़ित दुकानदार के तरफ से फिलहाल कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जाएगी।

## सौम्या का तीसरी कक्षा में शानदार प्रदर्शन, तीन विषयों में 100 प्रतिशत मिले अंक

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** छपरा शहर की सौम्या के लिए मंगलवार का दिन यादगार रहा। सीबीएसई में उन्होंने केंद्रीय विद्यालय छपरा में प्रथम स्थान हासिल किया। सोम्या पिता की तरह अधिकारी बनना चाहती हैं। अपने इस सपने की ओर कदम बढ़ाना उन्होंने शुरू कर दिया है सोम्या को अंग्रेजी , हिंदी और पर्यावरण विज्ञान में 100-100 अंक मिले हैं। गणित में उनके 99 अंक हैं। उन्होंने खुद से पढ़ाई की और कभी ट्यूशन नहीं लिया। वह कहती हैं कि मैं सालभर पढ़ाई के लिए नियमित रही। सतत रूप से टाइम टेबल फालो किया। हां, परीक्षा से पहले पढ़ाई का वक्त बढ़ा दिया। पढ़ाई में उन्हें स्वजन व शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिला। वह कहती हैं कि मैं अधिकारी बनना चाहती हूं और सिविल सर्विसेज की तैयारी अभी से शुरू करनी है। उनकी पिता बिहार सरकार में राजपत्रित अधिकारी सहायक कोषागार पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। माता-पिता को बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व है। सोम्या पढ़ाई के अलावा डिजाइनिंग व समाजिक कार्यों में दिलचस्पी रखती हैं। वह कहती हैं कि सालभर गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थीं। उन्हें लगता है कि पढ़ाई के बीच आपकी हाबी आपको तनाव से दूर रखती है। सोम्या एक्टीविटी के नाम से यूट्यूब चैनल भी जिसपर वह अपने अनुभव को साझा करती है।




## नगर पंचायत के मुख्य पार्षद की जेठानी रामावती देवी को दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी की जेठानी समाज सेविका रमावती देवी के निधन पर ब्लॉक रोड स्थित उनके आवासीय परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचकर बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने रमावती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। वहीं इस दौरान उनके कृतित्व व व्यक्तित्व की चर्चा की गई।

श्रद्धांजलि सभा महाराजगंज के निवर्तमान सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्रनाथ सिंह, युवा मोर्चा नेता गौरव सिंह किशन, प्रदीप सिंह पप्पू , केशव सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, एकमा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष राजकुमार मांझी, शिक्षक नेता मंजित कुमार तिवारी, मुख्य पार्षद पति दीपक कुमार राम, शिक्षक कमल कुमार सिंह, सुजीत कुमार, उपेंद्र कुमार यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अवधेश यादव, डॉ बाबूजान, सुनील सिंह, नेशार अहमद, अरविंद श्रीवास्तव, लोजपा नेता रौशन सिंह भवानी, रिविलगंज के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सोनू यादव, कोपा नगर पंचायत के पुस्तामी खान, स्व.रामावती देवी के पति प्रकाश चन्द्र, ललन राम, कौशल किशोर रवि, गजेंद्र दास, राजेश कुमार, विनोद कुमार, डॉ जगपति प्रसाद, ज्योति चंद्र, आशिश राज, सुमित राज ?, रघुवीर यादव, चुन्नू राम आदि अन्य लोग शामिल हुए।

## मक्के के खेत से 68 पीस फ्रूटी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के खैरा कृष्ण चौक के समीप गैरेज के पीछे मक्के के खेत से खैरा पुलिस ने गुप्त सूचना पर उत्तर प्रदेश निर्मित 8 पीएम के 68 पीस फ्रूटी शराब बरामद किया है। हालांकि धंधेबाज पुलिस को देख कर मौका पाकर फरार हो गया। वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष अनिमा राणा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई है। जहां अंग्रेजी शराब की बरामद की गई है। फरार धंधेबाज पर शराब अधियनिम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर, धंधेबाज की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

### 15 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफतार, स्कूटी जब्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी। (सारण )।** मांझी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घोरहट के समीप से एक शराब तस्कर को शुक्रवार को स्कूटी समेत दबोच लिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया की सूचना मिली थी कि एक तस्कर स्कूटी की डिग्गी में शराब छुपाकर ले जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी पर सवार होकर भाग रहे तस्कर को पीछा करके पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदन साठ गाँव निवासी सुदर्शन राम का पुत्र रवि कुमार बताया जा रहा है। तस्कर की डिग्गी से लगभग 15 लीटर शराब बरामद होने की खबर है।

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मांझी पुलिस ने नगर पंचायत क्षेत्र में किया फ्लैग मार्चः दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर माँझी थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार को माँझी नगर पंचायत क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार राम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च में बिहार पुलिस के जवानों के अलावा दर्जनों अर्द्ध सैनिक बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च माँझी थाना परिसर से निकलकर प्रखण्ड मुख्यालय,माँझी चट्टी, शनिचरा बाजार, गढ़ बाजार,पकड़ी बाजार तथा मियाँ पट्टी होते हुए पुनः थाना परिसर में पहुँचकर सम्पन्न हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मतदाताओं में जागरूकता एवम भयमुक्त होकर मतदान में शामिल होने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया।



## गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय प्रयासः सुधांशु रंजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को जी पी एल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत उदघाटन राजद नेता सुधांशु रंजन ने किया। टूर्नामेंट के सभी मैच 10-10 ओवर के खेले गए। जिसके लिए पर्याप्त रोशनी और टेंट आदि की व्यवस्था की गई थी। आयोजक राहुल कुमार ने बताया कि उक्त टूर्नामेंट में आस पास की ग्रामीण टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के विजेता एवं उपविजेता को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अपने सम्बोधन में सुधांशु रंजन ने आयोजन की सराहना की तथा कहा कि गांव स्तर पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय प्रयास है। यह ग्रामीणों को स्वस्थ मनोरंजन उपलब्ध कराएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से मैच खेलने की अपील की। इस मौके पर आयोजक टीम के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में दर्शक आदि मौजूद थे।

## गोपालगंज पुलिस ने बैंक लूटकांड में फरार चल रहे दो अभियुक्त को परसा से किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** गोपालगंज जिले की पुलिस ने परसा पुलिस के सहयोग से गोपालगंज में बैंक व दो सीएसपी से नगदी राशि,मोबाइल,लैपटॉप की लूट कांड में आरोपित बदमाश को परसा पोखरपुर स्थित एक आर्केस्ट्रा पार्टी के आवास से गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस दोनों बदमाश की गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ कर रही है और उसे गोपालगंज लेकर चली गई है।सूत्रों के हवाले से दो दिन पूर्व गिरफ्तार दोनो बदमाश गोपालगंज से दो लड़की को लेकर अर्केष्ट्रा पार्टी में रखने आए थे और तभी से दोनो यही रहते थे।पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद कई बिंदुओं पर कड़ी जांच पड़ताल कर रही है।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के आधार हैं सेक्टर पदाधिकारी : उप निर्वाचन पदाधिकारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सेक्टर ऑफिसर का कार्य निर्वाचन प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका दायित्व सबसे पहले शुरु होकर अंत तक रहता है। उक्त बातें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने राजपूत स्कूल में आयोजित सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में कहीं। उन्होंने कहा कि सेक्टर के रूप में नियुक्त होते ही आप सीधे चुनाव आयोग के अधीन हो जाते हैं। उनका कार्य चार माह पूर्व शुरू होकर चुनाव के दिन उनके सेक्टर के अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों की मतदान सामग्री एवं समस्त प्रपत्र जमा होने तक रहती है। उनके जिम्मे ही लॉ ऐंड ऑर्डर का संधारण भी रहता है। आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि अबतक मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन, एएमएफ, भेद्यता मानचित्रण और आवश्यक कार्रवाइयों के साथ मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट से संबंधित कार्य पूरे कर लिए होंगे। अब आपको इवीएम के परिचालन को ठीक ढंग से समझ लेना चाहिए। बूथ पर मॉक पोल से लेकर, सीलिंग, वास्तविक पोल, विभिन्न घोषणा आदि आपकी निगरानी में होने हैं। आपके पास ही रिजर्व इवीएम होगा। आवश्यकता पड़ने पर मशीन को बदलना और तत्काल उसकी रिपोर्टिंग करना आपकी जवाबदेही है। साथ ही आपके द्वारा सी और डी श्रेणी का इवीएम वापस वेयर हाऊस में जमा कराया जाना है। आपको मतदान प्रबंधन प्रक्रिया और ईवीएम कार्यप्रणाली, उसके त्रुटि का निराकरण को बारीकी से समझते हुए उसमें दक्षता हासिल होनी चाहिए। स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए आप प्रथम आधार हैं। कुल 12 कमरों में संचालित प्रशिक्षण में घूम घूम कर अवर निर्वाचन पदाधिकारी एखलाक अंसारी ने महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने सेक्टर पदाधिकारियों के कार्य एवं उत्तरदायित्वों को विस्तारपूर्वक बताया। मौके पर डीपीओ माध्यमिक शिक्षा संजय कुमार, मास्टर ट्रेनर रामाधार प्रसाद, शुभ नारायण ओझा, विनय प्रताप सिंह, विनय कुमार तिवारी, रमेश चंद्र, विजयेंद्र कुमार विजय, मणिकांत तिवारी, राजीव चौधरी, सुशील कुमार, अजित कुमार सिंह अल्का सहाय, नागेंद्र कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे।



# विधानसभा सम्मेलन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक तरैया स्थित अमरनाथ सिंह के आवास पर शुक्रवार को संपन्न हुई। इस दौरान तरैया विधानसभा संयोजक व पूर्व जिला पार्षद संजय सिंह ने तरैया मंडल संयोजक मुन्ना दास एवं सह संयोजक प्रमोद कुमार उर्फ मिथिलेश कुमार सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विधानसभा संयोजक संजय सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने के लिए पार्टी का विस्तार किया जा रहा है। वहीं आगामी 8 अप्रैल को तरैया विधानसभा स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का एक सम्मेलन भी रामबाग में आयोजित किया गया है। जिसमें महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल समेत कई नेता शामिल होंगे। मौके पर विधानसभा विस्तारक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, भाजपा नेता अमरनाथ सिंह, तरैया मंडल संयोजक मुन्ना दास, सह संयोजक प्रमोद कुमार उर्फ मिथिलेश कुमार सिंह, सोनू कुमार, चुन्नू कुमार सिंह, दीपक कुमार, चंदन राउत समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सोनपुर में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने आग से बचाव की लोगों को दी जानकारी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** अग्निशामालय सोनपुर के कर्मियों के द्वारा हॉस्पिटल मोड़ सोनपुर में शुक्रवार को कैनोपी लगाकर अग्नि से बचाव, सुरक्षा ,सावधानी बरतने के लिए प्रचार-प्रसार किया, जिसमें आग लगने पर क्या करें व क्या न करें, इसके बारे में जानकारी दी गयी तथा पम्पलेट का वितरण निःशुल्क किया गया।अग्निशमन कर्मियों ने गोविंदचक में सरपंच मुकेश कुमार के आवास पर एवं प्राथमिक विद्यालय संस्कृत सोनपुर में पहुँच कर उपस्थित सभी लोगों को आग से बचाव, सुरक्षा, सावधानी की जानकारी देते हुए मार्क ड्रिल करा कर गैस सिलेंडर में लगे आग को बुझाने ,सावधानी बरतने के लिए लोगों को आग से बचाव की विस्तार से जानकारी दी गई । कर्मियों ने सभी लोगो से अपील करते हुए कर्मियों ने कहा कि आग लगने के बाद तुरत 112 या अग्निशमन विभाग, स्थानीय प्रशासन को इस घटना के जनकारी दे । इस अभियान में अग्निक मनीष कुमार शुक्ला, पिंटू कुमार ,विनोद कुमार ,सोहेल कुमार ,नेहा कुमारी ,प्रीती कुमारी ,अग्नि चालक अमित कुमार विनय कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे ।

## फेनहरा में पोखर से युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के फेनहरा गांव के चंवर में एक पोखर से शुक्रवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृत युवक की पहचान फेनहरा गद्दी गांव निवासी अमिताभ प्रसाद का 17 वर्षीय राहुल कुमार बताया जाता हैं। ग्रामीणों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त है जो दो दिनों से अपने घर से लापता था और शुक्रवार की लोगों ने पोखर में युवक के शव को तैरता हुआ देखा और शोर मचाया। शोर-गुल सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और स्थानीय थाने को सूचना दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुची तरैया थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पोखर से बाहर निकलवाया एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। इधर घटना के बाद मृत युवक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने एक शराब तस्कर को स्कूटी समेत दबोचा

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर घोरहट के समीप से एक शराब तस्कर को शुक्रवार को स्कूटी समेत दबोच लिया। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम ने बताया की सूचना मिली थी कि एक तस्कर स्कूटी की डिग्गी में शराब छुपाकर ले जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कूटी पर सवार होकर भाग रहे तस्कर को पीछा करके पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर दाउदपुर थाना क्षेत्र के मदन साठ गाँव निवासी सुदर्शन राम का पुत्र रवि कुमार बताया जा रहा है। तस्कर की डिग्गी से लगभग 15 लीटर शराब बरामद होने की खबर है।

## एमडीएम का चावल चोरी करने के मामले में एक गिरफ्तार

**तरैया (सारण)** प्रखंड के मध्य विद्यालय शाहनेवाजपुर से गतदिनों एमडीएम का चावल चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को तरैया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पट्टी पचरौर गांव निवासी सुरेन्द्र राय बताया जाता है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया की गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ मध्य विद्यालय शाहनेवाजपुर से एमडीएम का चावल चोरी करने का आरोप था। जिसके आलोक में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया है।

## मानदेय नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालयों में शौचालय के सफाई करने वाले कर्मियों को कई माह से मानदेय नही मिलने पर उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस सम्बंध में मांझी प्रखंड के समन्यवयक अजीत कुमार सिंह, एकमा के अजय कुमार, जलालपुर के हर्षबर्धन सिंह व रिविलगंज के समन्यवयक ने संयुक्त रूप से सारण जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि सुपर स्टार सिक्युरिटी प्राइवेट लिमिटेड प्रखंडों में प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सफाई कर्मी को प्रति सीट सफाई के लिए 50 से 100 रुपये भुगतान करने के लिए प्रखण्ड समन्यवयकों को आदेशित किया गया है। मगर भुगतान नही किया जा रहा है। ज्ञापन में शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में उक्त सिक्युरिटी को निर्देशित करने की मांग की गई है।



## मजदूर परिवार का आशियाना जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/मांझी/दाउदपुर(सारण)** गुरुवार की देर रात झोपड़ीनुमा घर में लगी आग में एक मजदूर परिवार का आशियाना जलकर राख हो गया। घटना दाउदपुर थाना क्षेत्र के आदर्शग्राम बरेजा की है। जहाँ एक गरीब परिवार की झोपड़ी में संचित कीमती व रोजमर्रा का सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसमे वर्षो की परिश्रम से संजोया धन , कपड़ा , आभूषण चौकी विछावन, बर्तन ,राशन नगदी समेत कई समान देखते ही देखते राख में बदल गए। पीड़ित परिवार के कमलेश महतो पत्नी आरती देवी ने बताया कि प्रतिदिन की भांति गुरुवार को खाना खाकर सो रहे थे तभी करीब तीन बजे रात बिजली की शर्ट सर्किट से अचानक आग लग गयी। दंपति उसी घर मे सोए थे। बगल में स्टैंड फैन चल रहा था। इसी क्रम तार से चिंगारी उड़ी और आग तेज लपटों के साथ झोपड़ी में पकड़ लिया। परिजन निकल के बाहर भागे और शोर किया। गांव व मुहल्ले के लोग इकठ्ठा होकर आग पर काबू पाते तबतक सबकुछ जलकर कर नष्ट हो गया। ग्रामीण अंगद मिश्रा व रंजन यादव ने बताया कि बताया कि उक्त परिवार निहायत गरीबी अवस्था से गुजर बसर करता है। पीड़ित मजदूरी कर अपने बाल बच्चों का पालन पोषण करता है। किसी तरह झोपड़ीनुमा आसियान बना कर रहता था। होली से पूर्व घर मे राशन व परिवार के लिए कपड़े खरीदे थे। वही पत्नी को नगद सात हजार रुपये रखने के लिए दिए थे वही भी आग की विभीषिका में समाप्त हो गया। अब तो दो जून की रोटी और आशियाने के लिए परिवार फफक फफक कर रोते नजर आए। वही इस घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया राजेश पांडेय ने मांझी सीओ को दिया। जहाँ सीओ ने तत्काल राजस्व कर्मचारी सतेंद्र पाण्डेय पहुँच आगलगी की जानकारी ली। तथा हरसंभव सहयोग का आश्वाशन दिया।

## अनियंत्रित ट्रक की ठोकर से बिजली पोल क्षतिग्रस्त

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के यदु मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के पोल में टक्कर मार फरार हो गया। वही बिजली पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे इलाके की विधुत आपूर्ति ठप्प हो गई। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि में ही अज्ञात ट्रक ने अनियंत्रित होकर बिजली पोल में टक्कर मार ट्रक लेकर फरार हो गया। वहीं बिजली पोल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि रात्री का समय होने से जान माल की क्षति नहीं हुई घटना यदि दिन में होती तो बड़ी घटना घट सकती थी। वैसे विभाग मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है।



## विद्युत चोरी करने के आरोप में परमानंदपुर के एक उपभोक्ता के खिलाफ थाना में किया एफआईआर

**सोनपुर ।** विद्युत विभाग नयागांव के टीम ने विद्युत चोरी करने के आरोप में परमानंद्पुर के दिनेश राय के पुत्र सोनू कुमार राय की ऊपर 1,14844 /-की क्षतिपूर्ति के लिए सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता रूपेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि परमानंद्पुर नियर पोखरा के दिनेश राय के पुत्र सोनू कुमार राय जो मेन सर्विस वायर के मीटर से पहले तार को टैपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहा था । सोनू राय के यहां पहले से 2511/- रुपए की बकाया राशि था ।विद्युत चोरी करने से विभाग को कुल 114844/- की क्षति हुई है। सोनू राय जो मीटर रीडिंग मैन पंकज कुमार को मीटर जॉच करने से मना करते हुए विधुत कर्मियों के साथ गाली गलौज व मारपीट करने की अलावा विभाग के कार्य में बाधा डालने और विद्युत चोरी करने के आरोप में सोनपुर थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई है।

## बाइक दुर्घटना में चार घायल, एक सदर छपरा रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में बाइक दुर्घटना में 4 घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया। बंगरा गांव में अनियंत्रित अपाची बाइक सवार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी और अपाची छोड़ फरार हो गया। टक्कर से घायल कर्ण कुदरिया गांव निवासी 22 वर्षीय रोहित कुमार सोनी और 25 वर्षीय अभिषेक कुमार को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से रोहित कुमार सोनी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके पर थाना पुलिस ने अपाची बाइक को जप्त कर लिया।वहीं घोघिया गांव में बाइक दुर्घटना में सुमंत कुमार घायल हो गए। तीसरे मामले में सरदारगंज गांव निवासी 52 वर्षीय लाल बिहारी साह बाइक दुर्घटना में घायल हो गए। घायल बाइक से मशरक आ रहें थें कि सरदारगंज गांव में ही सड़क पर बच्ची को बचाने के चक्कर में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## सोनपुर पुलिस ने देसी शराब बरामद करते हुए दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर ।** सोनपुर पुलिस ने छापामारी कर शिकारपुर गंडक नदी किनारे स्थित 50 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए मौके पर शराब धंधेबाज को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि थाना क्षेत्र के शिकारपुर गंडक नदी किनारे दो शराब धंधेबाज को गिरफ्तार करते हुए मौके पर 50 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है । गिरफ्तार शराब धंधेबाज शिकारपुर के सूरज महतो के पुत्र चंदन कुमार और हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गाँव के सत्येंद्र सहनी के पुत्र मनोज साहनी को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया है।



स्व0 शांति कुमारी

महिला सिपाही-548, किशनगंज

विनम्र श्रद्धांजलि

## अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से मासूम की हुई मौत

**भेल्दी(सारण)।** स्थानीय क्षेत्र के पैगा चांदपुरा में एक अनियंत्रित वाहन की में आने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई।मृतक आयुष कुमार ( 3 ) भेल्दी थाना क्षेत्र के पैगा चांदपुरा गांव निवासी सूरज कुमार का पुत्र बताया जाता है।

मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के पैगा चांदपुरा गांव का मासूम सूरज कुमार घर के समीप खेल रहा था तभी एक बाइक सवार ने बच्चे को ठोकर मार दी।परिजन गंभीर रूप से जख्मी आयुष को इलाज के लिए परसा सीएचसी लाए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।पीएमसीएच ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया।मासूम आयुष की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शराब पीने के लिए पैसा मांगने के विवाद में मारपीट

**तरैया (सारण)** थाना क्षेत्र के मंझोपुर गांव में पार्टी मनाने व शराब पीने के लिए पैसा मांगने के विवाद में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में घायल व्यक्ति आलोक कुमार सिंह ने स्थानीय थाने में पांच लोगो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें विकास कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह उर्फ छोटू व मंजू देवी को आरोपित किया है। घायल व्यक्ति का कहना है की उक्त लोग पार्टी मनाने और शराब पीने के लिए पांच हजार रुपए की मांग कर रहे थे। जिसका उसने विरोध किया तो सभी लोग मिलकर उसके साथ मारपीट किए और उसके घर में घुसकर लूटपाट किए है। घर में घुस कर आरोपी जेवरात वाला सूटकेस जिसमे पांच लाख का जेवर था लेकर चले गए।इधर पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर डीएसपी ने मशरक में चलाया चेकिंग अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर मशरक में डीएसपी के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में अवैध कैश, मादक पदार्थ एवं अन्य बहुमूल्य वस्तुओं के परिवहन एवं लेनदेन पर नजर रखा गया। मौके डीएसपी अमरनाथ के नेतृत्व में सीओ सुमंत कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय राय समेत अन्य मौजूद रहें। महाराणा प्रताप चौक पर चेकिंग अभियान के दौरान चार चक्का वाहनों का डिक्की खोलवा जांच और बाइक चालक की कागजात की जांच पड़ताल की गयी। मौके पर यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर जुर्माना लगाया गया। मौके पर डीएसपी अमरनाथ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में अवस्थित मतदान केंद्र का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा हैं वहीं सभी इलाकों में सुरक्षा के लिए व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है।

## मशरक सुंदर गांव की महिला सिपाही की सांप के डंसने से किशनगंज में मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के सुंदर गांव की महिला सिपाही की किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना में की सांप डंसने से मौत? हो गई। शव गांव पहुंचते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के सुंदर गांव निवासी नरेश प्रसाद सिंह की 27 वर्षीय पुत्री शांति कुमारी हैं। महिला सिपाही को बैरक में सामान लेने के दौरान दाहिने हाथ के अंगुली में सांप ने डंस लिया। उसे इलाज के लिए टेढ़ागाछ पीएचसी में भर्ती करवाया गया। स्थिति गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां स्थिति गंभीर देखकर रेफर कर दिया गया।हायर सेंटर इलाज के ले जाने की दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के बाद गॉड आफ आनर दिया गया। मृतका महिला सिपाही पिछले आठ माह से किशनगंज के टेढ़ागाछ थाने में तैनात थी। किशनगंज जिला पुलिस में वर्ष 2018 से थी। शव गांव पहुंचते ही मातम छा गया।

# जलाल बसंत में अखंड अष्टयाम को लेकर निकाली गई भव्य जलभरी शोभायात्रा

## जलभरी शोभायात्रा में हांथी, घोड़े, बैंड-बाजों के बीच उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**दैनिक खोज खबर/ गरखा(सारण)** ।शुक्रवार को ग्राम पंचायत जलाल बसंत अंतर्गत खेम्हा ब्रह्मबाबा प्रांगण जलाल बसंत में अखंड अष्टयाम को लेकर भव्य जलभरी शोभायात्रा निकाली गई. जलभरी शोभायात्रा में हांथी, घोड़े, बैंड-बाजों के बीच युवक, युवतियों, महिलाओं-पुरुष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सभी युवक युवती डीजे, बैंड-बाजों के बीच नाचते-गाते, झूमते हुए जय सियाराम, जय हनुमान, जय श्री कृष्णा, जय शिव के जयकारों के बीच शोभायात्रा जलाल बसंत खेम्हा ब्रह्मबाबा प्रांगण से निकल कर बंगारी, जगदीशपुर, नारायणपुर, मोहरमपुर होते हुए ठाकुरबाड़ी बसंत पहूंची, वहीं यज्ञाचार्य पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच आमी दिघवारा से लाई गई गंगा जल कलश में भरी गई. जलभरी के बाद शोभायात्रा खेम्हा ब्रह्मबाबा प्रांगण अखंड अष्टयाम पूजा स्थल पर पहुंची. हरिद्वार से आए यज्ञाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि हरे राम, हरे कृष्ण संकीर्तन से आस-पास के वातावरण शुद्ध होने के साथ सामाजिक एकता, भाईचारा, सौहार्द बढ़ने के साथ मन को शांति मिलती है. सामाजिक एकता, भाईचारा बढ़ने के साथ मन को शांति मिलती है. जिससे ग्रामीण परिवेश में एकता बढ़ने से गांव का तेज गति से विकास हो होता है. प्रगति के मार्ग प्रशस्त होते हैं. मौके पर पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि अखंड अष्टयाम पूजा पूर्णाहुति के दिन 30 मार्च शनिवार को रात्रि में सुदर्शन यादव (अरवल) एवं कमलवांश कुंवर (बक्सर) के बीच शानदार दुगोला कार्यक्रम आयोजित किया गया है. मौके पर शोभायात्रा में मुख्य रूप से सोहन मांझी, छात्र-युवा नेता राहुल कुमार यादव, नंदकिशोर राय, सोहन राय, सीतानंद राय, गुलामे गौश, पासपति राय, ओमप्रकाश मांझी, मैनेजर राय, जयप्रकाश राम, गोपाल राय, कालीचरण राय, श्यामबाबू राय, नागेन्द्र राय, मनीष कुमार यादव, विरेन्द्र प्रसाद शिक्षक, शब्बीर खान शिक्षक, अरूण यादव, अक्षय राय, प्रमोद यादव, सोनू प्रसाद, रंजीत राम, अभिषेक साह, विश्वजीत यादव, योगेन्द्र राय ब्यास, संतोष यादव, रितेश राय, विनोद यादव, मिथलेश राय, विकास यादव, सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे.

### मारपीट मामले में तीन वारंटी को गिरफ्तार

**आंदर(सिवान)** थाना की टीम ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के मितवार गांव से मारपीट मामले के तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मितवार निवासी श्रीकिशुन सिंह, प्रदुम्न सिंह एवं हरिशंकर साह शामिल है।

### लापता युवक का नहीं मिला सुराग, परिजन परेशान

**सिवान ।** दरौली थाना क्षेत्र के गड़वार गांव से लापता युवक का छह दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इस कारण उसके स्वजन परेशान हो चुके हैं। ज्ञात हो कि 24 मार्च को गड़वार निवासी अभिषेक चौबे गांव से अचानक लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं मिला। युवक की बरामदगी नहीं होने से स्वजनों का रो-रोकर बुरा है। स्वजनों द्वारा थाना को सूचना दी गई है।

### ट्रैक्टर व ट्राली की चोरी

**आंदर (सिवान)** =आंदर नगर पंचायत की मुख्य पार्षद चंद्रावती देवी के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर व ट्राली की चोरी गुरुवार की रात हो गई। इस मामले में पिपरा निवासी मनोज कुमार सिंह ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि मेरा ट्रैक्टर व ट्राली नगर पंचायत आंदर में कचरा उठाव कार्य में इस्तेमाल किया जाता था। ट्रैक्टर व ट्राली हमेशा मुख्य पार्षद के दरवाजे पर खड़ा रहता था, इसे गुरुवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर -ट्राली चोरी का फुटेज सीसी कैमरा में कैद हो चुका है।

### 18 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गुठनी (सिवान)** =स्थानीय थाना की टीम ने गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र के जतौर बाजार से 18 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति जतौर निवासी जितेंद्र राम के विरुद्ध प्राथमिकी कर जेल दिया गया है। उन्होंने बताया कि शराब तस्करों के विरुद्ध यह अभियान चलता रहेगा।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**महाराजगंज (सिवान)** =स्थानीय थाना की टीम ने गुरुवार की शाम विभिन्न मामले में फरार दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी जिगरहवां निवासी ठाकुर साह और पटेढ़ी निवासी मूसा सोनी को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### 86 बोतल शराब व बाइक बरामद

**नौतन (सिवान)** =थाना की टीम ने शुक्रवार की शाम सागरा गांव के समीप 86 बोतल शराब तथा एक बाइक बरामद की। इस दौरान पुलिस को देख शराब तस्कर फरार हो गए। एसआइ मंटू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शराब तस्कर शराब लेकर उत्तर प्रदेश से भारी मात्रा में शराब लेकर बाइक से आ रहा है। तभी यूपी सीमा पर सागरा गांव के समीप उसकी घेराबंदी की गई। इस दौरान शराब तस्कर बाइक व शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

### रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई अमन चैन की दुआ

**सिवान** =जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा कर देश में अमनचैन की दुआ की गई। रमजान के जुमे पर सभी मस्जिदों में नमाज को लेकर भीड़ रह रही है। इस मौके पर मस्जिद के इमामों द्वारा तीसरे असरे जहन्नुम से आजादी के असरेव शब ए कद्र की रात की फजीलतों पर तकरीर दी गई। इस पाक महीने में इबादतों का अधिक सवाब होने के कारण बच्चों में भी इसका उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने भी रोजा रखकर नमाज अदा की।

**इन जगहों पर अदा की गई नमाज** =शहर के बड़ी मस्जिद, दरबार मस्जिद, चौक बाजार ग्यारहवीं मस्जिद, श्रीनगर मस्जिद, नवलपुर मस्जिद समेत टड़वा मस्जिद, जियांय स्थित मस्जिद, सदर प्रखंड मौला नगर मस्जिद, खालिसपुर मस्जिद, बाघड़ा स्थित मस्जिद समेत जिले के सभी गांवों में मौलान की मौजूदगी में मोमिनों ने नमाज अदा की। इस दौरान बच्चे, बूढ़े व जवान नई पोशाक पहनकर खुदा की इबादत में सिर झुकाए खुशहाली की दुआ मांगी। वहीं दूसरी ओर जीरादेई, मैरवा, लकड़ीनबीगंज, गुठनी, नौतन, दरौली, हसनपुरा, बड़हरिया, हुसैनगंज, गोरेयाकोठी, पचरुखी, दारौंदा, महाराजगंज,बसंतपुर, भगवानपुर हाट,आंदर, रघुनाथपुर, सिसवन आदि मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

## एसडीपीओ ने किया श्रीकलपुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण

### थाने में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

**गुठनी (सिवान)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मैरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने गुरुवार की देर रात श्रीकलपुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। साथ ही थाना के निरीक्षण के दौरान लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कागजातों की जांच की। उन्होंने हत्या समेत संगीन अपराध आदि संबंधित मामलों के अनुसंधान में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष को स्वयं रात्रि-गश्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने हर हाल में शराब तस्करी पर रोक लगाने तथा शराब तस्करों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने अपराध और अनुसंधान से जुड़े हर मामले की समीक्षा कर कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव को ले चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**दारौंदा (सिवान)** =प्रखंड में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन बच्चों का भी सहारा ले रहा है। इसके लिए निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारी व कर्मी विद्यालयों में बच्चों को मतदान के महत्व व अधिकार से संबंधित जानकारी दे रहे हैं। साथ ही बच्चों को अपने माता-पिता को भी वोट के महत्व व इसके फायदे के बारे में बताने की बात कह रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को बच्चों के माध्यम से सामाजिक सरोकार का तख्ती लेकर मतदाता जागरुकता अभियान आरंभ किया गया।इस संबंध में बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस कार्य की जिम्मेवारी दी गई है। क्विज के माध्यम से युवाओं में जागरुकता बढ़ाने का कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही लगातार मतदाताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग की जिम्मेदारी दी गई है। बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूल-कालेज में सुबह चेतना सत्र के दौरान जागरुकता अभियान चलाया जाता है। प्रशासन की ओर से शिक्षा विभाग, विकास मित्र और लोक कलाकारों की मदद से कालेजों में क्विज के माध्यम से युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें उनसे मतदान से जुड़े तरह- तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं। इन प्रश्नों का सही उत्तर देने वालों को प्वाइंट देकर प्रोत्साहित किया जाता है। माध्यमिक विद्यालय करसौत के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार सिंह एवं माध्यमिक विद्यालय जलालपुर कचहरी के प्रधानाध्यापक राकेश बिहारी दुबे ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम में सभी प्रश्न चुनाव, मतदान और उसके प्रति जानकारी बढ़ाने से संबंधित रहता है।

## लोकसभा चुनाव में 1 लाख 50 हजार मतदाता करेंगे मतदान

### लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड स्तर पर की जा रही तैयारी

**महाराजगंज (सिवान)** =लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रखंड स्तर पर तैयारी जारी है। चुनाव आयोग के निर्देश का बीडीओ डा. रविरंजन द्वारा अक्षरशः पालन करने का हर स्तर पर ख्याल रखा जा रहा है। बीडीओ ने बताया कि 25 मई को महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान होगा। इसके लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायत के एक लाख 50 हजार 178 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें करीब 78 हजार 344 पुरुष तथा 71 हजार 836 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसके लिए 97 भवन में 115 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## एखलाख की मौत मामले में नौ दिन बाद भी प्राथमिकी नहीं

**हुसैनगंज (सिवान)** = थाना क्षेत्र के बिंदवल गांव स्थित नहर बांध पर 20 मार्च की सुबह नगर थाना के लक्ष्मीपुर निवासी साहेब हुसैन के पुत्र एखलाक हुसैन के सिर में बाईं कनपटी पर गोली लगने से मौत हो गई थी। हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्टल एवं एक गोली पुलिस ने शव के कुछ दूर नहर से बरामद की थी। घटना के नौ दिन बाद में मृतक के स्वजन द्वारा अब तक आवेदन नहीं दिया गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि अभी मृतक के स्वजन द्वारा थाना में आवेदन नहीं दिया गया है। इस कारण इस मामले में प्राथमिकी नहीं हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत एखलाक और उसकी कथित प्रेमिका की मोबाइल बरामद कर सीडीआर तथा व्हाट्सएप चैट खंगालने पर यह ज्ञात हो रहा है कि वह लड़की से एकतरफा प्यार करता था तथा लड़की से शादी करने का दबाव भी बनाता था, लेकिन लड़की घर वालों के मर्जी के खिलाफ शादी करना नहीं चाहती थी। एखलाक एक अपराधी प्रवृति का व्यक्ति था। उसके विरुद्ध कई थानों में कई आपराधिक मामले भी दर्ज है। इन मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शायद वह प्रेमिका द्वारा शादी से इन्कार एवं पुलिस के बढ़ते दबिश के कारण भी आत्महत्या करने पर विवश हो गया होगा, लेकिन मौत के नौवें दिन तक स्वजनों द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। जल्द ही स्थानीय चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी की जाएगी।ज्ञात हो कि हत्या से पूर्व एखलाक ने एक वीडियो क्लिप बनाकर अपने स्वजनों एवं इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करते हुए जिला प्रशासन से मांग कर रहा है कि मैं पूरे होशो हवास में बोल रहा हूं कि यदि मैं कुछ भी करता हूं तो इसमें किसी का दोष नहीं है। प्रशासन किसी भी बेगुनाह लड़का या लड़की को नहीं फंसाये। उसके बाद वह हंसते हुए अपने पास बैठे किसी साथी को बीड़ी सुलगाने को कहता है।

## पदाधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन

**भगवानपुर हाट (सिवान)** = निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को मतदान केंद्र पर सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार विशाल एवं सीओ धीरज कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से सोंधानी, उतरी साघर सुल्तानपुर, दक्षिणी साघर सुल्तानपुर, बड़कागांव, बिठुना पंचायत के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। इस क्रम में अधिकारियों ने सोंधानी पंचायत के सारीपट्टी पंचायत भवन में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 311 एवं 312, अनुसूचित जाति सामुदायिक भवन सोंधानी मतदान केंद्र संख्या 317 एवं 318, उतरी साघर सुल्तानपुर पंचायत के मकतब सुल्तानपुर मतदान केंद्र संख्या 296, महना पंचायत भवन महना के मतदान केंद्र संख्या 299, दक्षिणी साघर सुल्तानपुर पंचायत के पंचायत भवन साघर के मतदान केंद्र संख्या 303, कौड़िया पंचायत के पंचायत भवन स्थित मतदान केंद्र संख्या 282, भीखमपुर पंचायत के अनुसूचित जाति सामुदायिक भवन चोरौली मतदान केंद्र 273 , बड़कागांव पंचायत भवन मतदान केंद्र संख्या 188 एवं 189 तथा बिठुना पंचायत के पुस्तकालय भवन सरकारी बाजार स्थित मतदान केंद्र संख्या 192 का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सेक्टर पदाधिकारियों, बीएलओ से विस्तार पूर्वक जानकारी ली। दोनों अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र के तल की स्थिति, रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली, शेड, फर्नीचर, मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग आदि का जायजा लिया। इस अवसर पर कार्यपालक सहायक विशाल कुमार, कृषि समन्वयक सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

# मूल्यांकन परीक्षा को ले बच्चों में दिखा उत्साह

## अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आज

**दारौंदा (सिवान)** जिले के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में शुक्रवार को कक्षा एक से चार तथा छह से सात के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा हुई। परीक्षा दो पाली में ली गई। पहली पाली में गणित एवं पर्यावरण तथा दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा ली गई। परीक्षा के अंतिम दिन होने के कारण बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से चार एवं कक्षा छह एवं सात के छात्र-छात्राओं की 25 मार्च को होने वाली मूल्यांकन परीक्षा विभागीय निर्देशानुसार 29 मार्च को ली गई है। उन्होंने ने बताया कि कक्षा एक से चार एवं छह से सात तक के सभी छात्र-छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 21 मार्च से लेकर 28 मार्च तक कराने का निर्देश जारी था। इस दौरान 25 मार्च को होने वाली गणित, पर्यावरण तथा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर नियमित सारणी के साथ 29 मार्च को ली गई।

बीईओ ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, सिवान के ज्ञापांक 533, दिनांक 27 मार्च 2024 के निर्देशानुसार वार्षिक मूल्यांकन/परीक्षा 2024 अंतर्गत 30 मार्च को शिक्षक - अभिभावक बैठक आयोजित कर कक्षा पांच एवं आठ के बच्चों के प्रगति को साझा किए जाने का निर्देश सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को दिया गया है। संबंधित कक्षा उत्तर पुस्तिका को जांच के बाद संबंधित अभिभावक/बच्चों को वापस लौटा दिया जाएगा। इन उत्तर पुस्तिकाओं के जांचोपरांत प्राप्त फलाफल का संधारण प्रगति पत्रक एवं सतत व्यापक मूल्यांकन पंजी में अचूक रूप से संबंधित विद्यालय द्वारा पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है ताकि शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी में प्रगति साझा करने में कोई असुविधा न हो।

### बोलेरो से धक्का लगने से युवक घायल

**हुसैनगंज (सिवान)** =थाना क्षेत्र के गोपालपुर भारतीय स्टेट बैंक के समीप सिवान-सिसवन एसएच 89 पर शुक्रवार को बोलेरो की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गोपालपुर निवासी हरेंद्र राजभर के रूप में हुई है।बताया जाता है कि हरेंद्र राजभर शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे सिवान-सिसवन एसएच 89 के किनारे पैदल कहीं जा रहा था। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक के समीप पीछे से तेज गति से आ रही बोलेरो से धक्का लगने से वह गिरकर घायल हो गया। वहीं घटना के बाद चालक बोलेरो लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्रित हो गई। ग्रामीणों की मदद से स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराए जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल के भाई वीरेंद्र राजभर ने बताया कि हरेंद्र राजभर को सिर में गंभीर चोट आई है। इलाज के बाद उसकी स्थिति सामान्य है।

# लोस चुनाव में छोटी-बड़ी खबरों की सूचना करेगें चौकीदार

### छठे चरण में होने वाले चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन है सतर्क

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जहां एक और राजनीतिक दल अपनी अपनी चुनावी तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं स्थानीय प्रशासन भी शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर अभी से ही तैयारी में जुट गई है। इन सब के बीच लोकसभा चुनाव में किससे है अशांति का खतरा है, इस आशय की जानकारी संबंधित क्षेत्र के चौकीदार देंगे। लोकसभा में छोटी-छोटी सूचनाओं के लिए पुलिस ने एक रणनीति बनाई है। इसे अमल में लाने के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है। चौकीदार के पास इलाके की हर छोटी बड़ी खबरों की सूचना रहती है हाल के दिनों में सोशल मीडिया एक्टिव होने के बाद चौकीदार के पास से स्थानीय थाना की पुलिस सूचना का संकलन करने में दिलचस्पी नहीं लेते हैं। जिसका नतीजा होता है ग्रामीण स्तर की कई बड़ी जानकारी भी कभी-कभी पुलिस तक नहीं पहुंच पाती है इस तरह के सूचना को संकलन के लिए संबंधित क्षेत्र के चौकीदार को सक्रिय व होशियार रहने का आदेश दिया जा रहा है। वहीं आप सामाजिक तत्वों पर पहले निगाह जितना चौकीदार रख सकते हैं।

उतने निचले स्तर पर पहुंचकर सूचनाओं का संकलन करने में पुलिस के हाथ-पाथ फूलने लगते हैं। ऐसे में सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने चौकीदारों के माध्यम से सामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उन पर नजर रख रहे हैं।इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव में थाना क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार सघन जांच पड़ताल कर रहा है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**सिसवन (सिवान)** =लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर स्थानीय पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग पड़री, भैंसवाड़ा, किशुनबारी, भीखपुर, ग्यासपुर आदि गांवों में किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए फ्लैग मार्च किया गया है। इस दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि चुनाव में शरारती तत्व अगर कुछ गड़बड़ी करते हैं या विधि-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करते हैं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च के माध्यम से पुलिस लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने की अपील की। फ्लैग मार्च में काफी संख्या में स्थानीय पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्मियों की आपत्तिजनक तस्वीर प्रसारित

**आंदर (सिवान)** = स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कर्मी का सदर अस्पताल के एक कर्मी के साथ आपत्तिजनक तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। प्रसारित हो रही तस्वीर को देखने के बाद वरीय पदाधिकारी इस मामले की जांच में जुट गए हैं। वहीं प्रभारी ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की है।

बताते चलें कि एक स्वास्थ्य कर्मी द्वारा आंदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत पदाधिकारी व कर्मियों को बराबर धमकी देकर कार्य करने के बजाय दवा वितरण कक्ष में बैठ कर घंटों वीडियो व आडियो कालिंग के माध्यम से बात की जाती थी। पदाधिकारियों द्वारा विरोध करने पर बड़े अधिकारी के संपर्क में रहने की धमकी देकर उन्हें परेशान किया जाता था। फिलहाल उक्त कर्मी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुरा में स्थानांतरण हो चुका है। इसी बीच कर्मी का उसके सहकर्मी संग आपत्तिजकन तस्वीर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित किया जा रहा है।

## दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं का मतदान करना प्राथमिकता : बीडीओ

**भगवानपुर हाट (सिवान)** = महराजगंज संसदीय क्षेत्र के भगवानपुर हाट प्रखंड में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ कुमार विशाल द्वारा दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 763 एवं 85 आयु से अधिक मतदाताओं की संख्या 940 की पहचान कराई है। बीडीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग एवं 85 आयु से अधिक के मतदाताओं का मतदान कराना निर्वाचन कार्य में जुटे अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ समाज की भी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग तथा बुजुर्ग मतदाता भी लोकतंत्र में उतना ही सम्मानित हैं जितना अन्य मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कुल मतदान केंद्र 169 है, इसमें कुल मतदाता की संख्या एक लाख 64 हजार 273 है। इसमें पुरुष मतदाता की संख्या 85003 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 79 हजार 270 है। नए मतदाताओं की संख्या 2 हजार 135 के करीब है। इसमें नए पुरुष मतदाता की संख्या 1274 तथा महिला नए मतदाता की संख्या 861 है। उन्होंने बताया कि युवा वोटरों के लिए एक विशेष बूथ के रूप में एसएस उच्च विद्यालय भगवानपुर मतदान केंद्र संख्या 315 तथा महिला के लिए 316 को चयनित किया गया है।

## बिछड़े बच्चे को पुलिस ने स्वजनों को सौंपा

**आंदर (सिवान)** = प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को एक चार वर्षीय बच्चा अपने परिवार से बिछुड़कर रोने लगा, वहीं बच्चे को रोता देख एक महिला ने उसे आंदर थाना के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार के आदेश पर चौकीदार सुदीश कुमार बच्चे को उसके परिवार से मिलाने के लिए आंदर बाजार समेत जमालपुर, दाहाबारी, गौरा आदि गांव में जाकर पहचान कराया, लेकिन उसके माता-पिता नहीं मिल पाए। इसके बाद बच्चे की तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की गई। इंटरनेट मीडिया पर तस्वीर की पहचान होते हुए उसके स्वजन थाना पहुंच पुलिस से गुहार लगाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि कार्रवाई के बाद बिछुड़े बच्चे को उसके स्वजनों को सौंप दिया गया। बिछुड़ा हुआ बालक आंदर निवासी पान मोहम्मद का नाती है।